# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–26 सितम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में प्रदेश के तीन लाख छानवे हजार से अधिक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की धनराशि का हस्तांतरण किया। उनकी मौजूदगी में विद्यार्थियों के खाते में नवासी दशमलव नौ छह करोड़ की धनराशि हस्तांतरित की गई।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार सोलह में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति ही नहीं दी गई थी। वर्ष दो हजार सत्रह में उनकी सरकार आई, तो वित्तीय वर्ष दो हजार सोलह–सत्रह और वित्तीय वर्ष दो हजार सत्रह–अठारह की भी छात्रवृत्ति एक साथ प्रदेश के सभी बच्चों को उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही छात्रवृत्ति की भी चर्चा की।

***सत्रह अठारह में हम स्कॉलरशिप देते थे सोलह सौ अड़तालीस करोड़ और आज पचीस छब्बीस में स्कॉलरशिप दोगुनी हो चुकी है लगभग यानी इकतीस सौ चौबीस करोड़ पैतांलीस लाख रुपये का वितरण पिछले वर्ग के छात्रों को उपलब्ध करवाने की कार्रवाई की जा रही है।***

**********

गृह मंत्री अमित शाह आज कुशीनगर जिले के ट्रांजिट विजिट पर पहुंचे। इस दौरान वहां के सांसद विजय कुमार दूबे और स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर ही थोड़ी देर ठहरने के बाद गृह मंत्री बिहार के बेतिया जिले के लिए रवाना हो गए।

**********

जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। 'सेवा पर्व' की इस विशेष श्रृंखला में हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने इंटरनेट क्रांति के माध्यम से संचार में बदलाव लाकर पूरे भारत में गाँवों, शहरों और लोगों को जोड़ा है।

**भारत में ब्रॉडबैंड की पहुंच और अगली पीढी के मोबाइल नेटवर्क की तेज गति से डिजिटल क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ रहा है। इसमें महत्वपूर्ण योगदान है भारत नेट परियोजना का, जो डिजिटली सबको जोड़ रही है और इसके अंतर्गत ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिवटी दो लाख 18 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंच गई है। लगभग सात लाख किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर के साथ इस डिजिटल जीवन रेखा ने ई–शासन, शिक्षा और छोटे उद्यमों के द्वार सुदूर क्षेत्रों में भी खोल दिए हैं। नरेन्द्र मोदी सरकार के सतत प्रयासों के कारण भारत मोबाइल डेटा के मामले में दुनिया के सबसे किफायती देशों में से एक बनकर उभरा है। 2014 के मुकाबले इंटरनेट डेटा की कीमतों में लगभग 97 प्रतिशत की कमी आई है। इसके साथ ही 5 जी कनेक्टिविटी के आने से भी बड़ा बदलाव आया है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।**

**********

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार देश की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अब लोग जीएसटी सुधारों का लाभ उठा सकते हैं, जो इस महीने की बाइस तारीख से लागू हो चुके हैं। एक रिपोर्ट–

**अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत नोटबुक, ग्राफ बुक, शार्पनर, पेंसिल जैसी स्टेशनरी वस्तुओं को पूरी तरह से कर मुक्त कर दिया गया है। इस क्षेत्र में कर में कटौती से छात्रों पर आर्थिक बोझ कम होगा, जिससे यह उत्पाद और भी किफायती हो जाएंगे। 2500 रुपये से कम मूल्य के जूते पर भी इसी तरह की छूट दी गई है। सरकार ने लकड़ी, पत्थर और धातु से बनी मूर्तियों पर भी कर की दर घटकर 5 प्रतिशत कर दी है, जो पहले 12 प्रतिशत की दर का हिस्सा थी। शिवांग के साथ सौम्य शरण, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

निर्वाचन आयोग ने चुनावों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए डाक मतपत्रों की गिनती प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। एक रिपोर्ट–

***अभी तक ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती से अलग होती थी, यह कभी–कभी डाक मतपत्रों की पूरी गिनती होने से पहले ही समाप्त हो जाती थी। इससे प्रक्रिया में एकरूपता को लेकर भ्रम और प्रश्न उठते थे।इस समस्या के समाधान के लिए निर्वाचन आयोग ने यह अनिवार्य कर दिया है कि ईवीएम अथवा वीवीपैट की गिनती का दूसरा–अंतिम दौर सभी डाक मतपत्रों की गिनती के बाद ही शुरू होगा। इससे मतगणना की दोनों विधियों के बीच एकरूपता सुनिश्चित होगी और विसंगति की आशंका समाप्त हो जाएगी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता***

**********

शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन आज मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये शुभकामना देते हुए माता से सभी भक्तों को सुख, समृद्धि और सौभाग्य प्रदान करने की कामना की है। हमारे वाराणसी प्रतिनिधि ने बताया कि वहां के प्राचीन बागेश्वरी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने आज मां स्कंदमाता का दर्शन पूजन किया।

**********

भारत ए की क्रिकेट टीम ने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में चल रहे दूसरे चार दिवसीय मैचों की श्रंखला को एक–शून्य से जीत लिया है। भारत की टीम ए ने आज आस्ट्रेलिया ए की टीम को चार दिवसीय मैच में पांच विकेट से हरा कर यह उपलब्धि हासिल की है।

**********